हाल ठहरो, पाछो आऊँ जब लगे, देखणदो विषमो जगे ॥
हाँरेक, कैसो राजा वो बलधारो, हाँरे सात कोटों री दृढ़ता री।
मालुम थांने हो जासी, आयां दीजो स्याबासी ॥ ५ ॥

— दोहा —

धारन वक्तर टोप करि, धरी सकल सिरपाव।
झुरती जनता छोड़ के, चट चाल्यो चित चाव ॥ १ ॥

ये दोनों निज रूप फेरियो, पहुँची वाग मझार ॥लो०॥५॥
दोनों किसान करें यों बात, एक आयो सरदार ॥लो०॥६॥
राजाजी रा छक्का छुड़ाया, तोड़या कोट किवाड़ ॥लो०॥७॥

० दोहा ०

वे केड़ा है आदमी, कठै ठहरिया आज ।
मनड़ो च्हावे मिलणकूँ, किसड़ो तास मिजाज ॥१॥

ढाल ८० मी ॥ तर्ज–संतो ! ऐसी दुनियां भोली, संतों ! ऐसी दुनियां भोली।

धरम करंतां लाज मरे ने, परगट खेले होलो ॥ संतों० ॥
कपट नर निर्बल करता है, कपट नर निर्बल करता है ।
सरल पुरुष पुनवान होत, वह निडर विचरता है ॥ टेर ॥
वातों सुणतां कुँवर बोलियो, कांई देखण जावो ।
मिनखों जैसो वो ही मिनख है, व्यर्थ अचंभो लावो ॥ क० ॥ १ ॥
कहे किसान विसान मानवी, धरती ऊपर थोड़ा ।
सप्त कोट तोड़ी राजा ने, देवे पूरण फोड़ा ॥ क० ॥ २ ॥
म्हारा राजा आज तलक तो, आज्ञा निज वर्ताई ।
पिण दूजारी आज्ञा में वे, हर्गिज चाल्या नांही ॥ क० ॥ ३ ॥
अब तो व्याह करणो ही पड़सी, माथा उपरला आया ।
इता दिनों में कोइयन आकर, चमत्कार दिखलाया ॥ क० ॥ ४ ॥
कुँवर कहे इत उत मत भटको, मैं हिज कोट हटाया ।
नहिं परणन की भूख हमारे, यह तो खेल दिखाया ॥ क० ॥ ५ ॥
घणी-खमा अंदाता थांने, म्हाँ भी दर्शन पाया ।
व्याह तणी रंग-रलियों देखण, मनड़ा भी ललचाया ॥ क० ॥ ६ ॥
दिनभर वातों में यूँ वीतो, कुँवर-सहाव निद्राया ।
लकुट, पावड़ियों कंथा, खटोली, कन्या ने उचकाया ॥ क० ॥ ७ ॥

ढाल ७० मी ।। तर्ज–नमूँ अनन्त चौवीसी० ।।

ाहस उर भरियो वयरसीह पुनशाली, मन मोद लहंतो वाट घाट रयो भाली ।
' वासर वहतों आयो शैल उतंग, है भाड़ी उगी चढ़यो रूपर रंग
मणीक स्थान है,जलसूँ भरया निवाण, वृच्छ नाना भाँती औषध रूप महान ।
'र स्नान सुधोदक रस-पूरित फलाहार,कर सूतो तरु तल चरवा लग्यो तोखार ।२।।

एक खगचर-राजा आयो खेलन हेत ।
कुँवर नें सूतो देख्यो नयन उपेत ।।
पूछै कित रहवो कित आवण उद्देश ।
कुँवरजी दाखे कुणछो आप नरेश ।।३।।

ज्योतिष पुरवर निवसूँ गिरि वैताढ़, इत खेलन आयो राणी संग धर गाढ़ ।
ास्मित भो देखी तुम्हें आज इण ठौर,जिणसूँ पूछयो मैं आवण कारण सौर ।४।।
ार्ङ्ग-नृप बलनो माप करण के काज, आयो छूँ अवनिप सज्यो सजायो साज ।
ाद्याधर भाखे, विगर विचारयो काम, क्यों हाथै लीनो हो जासो बदनाम ।।५।।
ो प्रबल वली है, सात कोट की ओट, है स्वेच्छाचारी कर न सकै रिपु चोट ।
म विद्याधर हैं, तो भी माने शंक, जो कियां सामनो छोड़या करने रंक ।।६।।
नड़ी रा वनड़ा वणावा आप उमाया, म्हांने नहीं भाषै भूल करी ने आया ।
ह ढाल सितरमी,कहे 'मिश्रो' अणगार, जो साहस राखै, ताको कौन विचार।।७।।

० दोहा ०

हँसकर दाखे वयरसी, हे विद्याधर - राज !
भली वात भगवन् ! भणो, हो क्षत्रिय-सरताज ।।१।।
मदत न देवो मूलथी, करो कायर मो सेण ।
जची नहीं म्हारे जिगर, वरणो इसड़ा वेण ।।२।।

ढाल ७१ मी ।। तर्ज–म्हांने मुगतपुरी रो मारगियो बताय दीजो रे० ।।

म्हांने शार्ङ्ग-गढ़ में जावारो उपाय वताय दोनी रे ।

सूतोड़ा ने अधर उठाकर, जंगल में धर आई।
शार्ङ्गगढ़ परणीजण वेगा,आइजो जान सजाई ॥क०॥ ८॥
इसड़ो कागद लिखी पास धर, छिटक गई निज घर में।
ढाल असी में कुंवर जागियो, होवत बड़ी फजर में ॥क०॥९॥

— दोहा —

वाग नहीं, कंथा नहीं, पावडियों पिण नांय।
लकुट, खटोला बिन तिहां, कुंवर गयो घबराय ॥१॥
खैर, वणी सो भाग की, हिम्मत हारूं नांय।
पत्र वाँचतां प्रकट ही, कन्या कृत दर्शाय ॥२॥

ढाल ८१ मी ॥ तर्ज– आखिर नार पराई है० ॥

कन्या कौतुक गजब कियो, पाछो बदलो लेय लियो ॥ टेर ॥
फिरे जगल में गोता खातो, नहीं ठण्डो जल, भोजन तातो।
चार चीजों बिन छोजरियो ॥ क० ॥ १ ॥
एक कन्या उत ढोर चरावे, फाटा वसन पिण रूप दृढावे।
कुंवर पूछतां जवाब दियो ॥ क० ॥ २ ॥
मैं ढाणां में रहवण-वारी, पिता नहीं, घर पर महतारी।
शिर पर कर्जो वेहगियो ॥ क० ॥ ३ ॥
भाई शार्ङ्गपुर करे नौकरी, खेती को है जमो मोकरी।
वर्षा विन यो ढंग वियो ॥ क० ॥ ४ ॥
मैं पशुओं का पालन करती, मातृ - आज्ञा में अनुसरती।
धन्य मानती जन्म जियो ॥ क० ॥ ५ ॥

० दोहा ०

घरे पधारो पाहुणा, असन अरोगण आप।

उपाय बताई सुगणा थे तो यो जस लोनी रे ॥ टेर ॥
घणी दूर से चल कर आयो, गढ़ देखण ऊमायो रे ।
जणां-जणां भय खूब बतायो, तो भी नहीं घबरायो रे ॥
होवेला जो भी होनी रे ॥म्हा० ॥१॥
इण भूमी रा आप भोमीया, जाणो जुगती सारी रे।
किण दिन काम आवोला केदो, सूज बूझ व्है थांरी रे ॥
बीज भलपन रा बोनी रे ॥ म्हा० ॥२॥
विना गयों पाछो नहिं जावूँ, आयो दृढ़ता धारी रे ।
दूजी बातों छोड़ दिरावो, हिम्मत बँधावो भारी रे ॥
काम दूजारो कोनी रे ॥ म्हा० ॥३॥
विद्याधर सुनकर कुँवर री, दिवी पूठ फटकारी रे ।
हो हिम्मत रा सागर जबरा, मैं जावूँ बलिहारी रे ॥
वीर, नहीं सूरत रोनी रे ॥ म्हा० ॥४॥
एक उपाव बतावूँ थांने, करलो कर हुँशियारी रे ।
विजय नगर रो विजय सेण नृप, रति रंभा पटनारी रे ॥
कन्या तस विद्या-वोनी रे ॥ म्हा० ॥५॥
शार्ङ्ग-गढ़ रे राज-सुता री, सा साथिन बचपन री रे ।
उणने जो वशवर्ती करलो, वनसी काम मजारो रे ।
वा भी जाहिर नाहर-नारी, उणरो काम निरारो रे ॥
सरल नहीं मानो मोनी रे ॥ म्हा० । ६॥
कर मुजरो, मग पूछ कुँवरजी, आगे सटके हाल्यो रे ।
अश्व नचातो निडर विद्याधर, नोके नयन निहाल्यो रे ॥
'मिश्री' सम लहरों सो-नी रे ॥म्हा०॥७॥

— ढाल - मूलगी —

निकट विजयपुर निरखियो सरे, सरिता भरी सनीर ।

सूखा लूखा सोगरा, रावड़ पीजो धाप ॥ १ ॥

— ढाल - मूलगी —

ढांढा छोड़ जंगल में बाई, आई कुँवर रे साथ ।
मुजरो करतों मंद हास्य सूँ, मीठी बोली मात जी ॥ श्री० ॥ १३१ ॥
अरे बाया ! अे मोटा पाहुणा, कीकर संग ले आई ।
शार्ङ्गगढ़ रा राज-जँवाई, आया जान सजाई जी ॥ श्री० ॥ १३२ ॥
घर रो सार गमायो सारो, इसड़ा है निद्रालू ।
हाथ धुलाओ थे जल्दी सूँ, मैं बाजोटचो ढालूं जो ॥ श्री० ॥ १३३ ॥
कुँवर चमकियो या किम जाणे, मीठी करी मजाक ।
इणरो उत्तर देय जीमसूँ, कारज बणे कदाक जी । श्री० ॥ १३४ ॥

ढाल ८२ मी ॥ तर्ज— लूँगों री लकड़ी हो रसिया गांठ गँठीली० ॥

इसड़ा क्यों आडा बोलो, गुण्डी तो खोलो, तो चूक म्हारो कांई थोड़ो हिवड़ा में तोलो।
मतना डोडा जी बोलो, मत व्यंग सूँ बोलो ॥ टेर ॥

कपट करी ने चीजों चुराई, तो,
इण में वीरता कासूँ करो बड़ाई ॥म०॥
फ़ेर भी थे रखजो खातिर करके गुजरूँला,
तो, पीली पाटी तो म्हे तो साफ उतरूँला ॥म०॥ १ ॥
लीलावती री माता पड़िया लचकाणा,
तो, प्रेम सहित व्हांरे पुरस्या जी भाणा ॥म०॥
कुँवर कहे नहीं भोजन रो भूखो,
तो, घोखो हुवो है जिणसूँ चाली जी चूको ॥म०॥२॥
मारग वतलावो कोई जाणो थे सारा,
तो, कार्य वतलाओ करके दिखलादूँ सारा ॥म०॥

पहले अरोगो फिर मैं युक्ति दर्शावूं,
तो, अन्तर नहीं राखूं सुन्दर कार्य बनावूं ॥म०॥३॥
भोजन कर उठ्या बोली लीलावती री माता,
तो, राज्य दिरादो म्हारो पावों म्हां शाता ॥म०॥
नगर भोजपुर कच्छ रे कांठे,
तो, राजा जयमंगल जीते दंगल रे साटे ॥म०॥४॥
हुवो रवाने सुणतों मारगल्यो पूछी,
तो, जाणी वी राज्ञी यांरी जाति तो ऊँची ॥म०॥
लीलावती एक खड्ग ले आई,
तो, राख्यो जंगल में वा तो खूब छिपाई ॥म०॥५॥
लड़जो खुशी से आप विजनस जोतोला,
तो, मतना गमाइजो होकर निद्रा में भोला ॥म०॥
बार बार कांई मोसो सुणावो,
तो, नाहक म्हारी थें तो रोल उडावो ॥म०॥६॥
आगे संचरियो आयो मोटो सरवरियो,
तो, कमलों सूं पूर्ण पाणी निर्मल भरियो ॥म०॥
स्नान करण हित मांहि जो वरियो,
तो यक्ष सुरसुन्दर नामी बाहिर नीसरियो ॥म०॥७॥

※ दोहा ※

विविधाभूषण वदन पर, चन्दन चर्चित [illegible]
कुँवर-भणी काठो ग्रह्यो, हर्षित [illegible]

— कवित्त —

उत्तम तिहारो वंश हंस-[illegible]

अमरसिंह आफरणतो आयो, लश्कर लेकर लारी रे,–
एड़ो केड़ो है बाबो बावनो।
वयरसीह भाइडो भाल्यो आनंद उर में पायो रे,–
मिलियो रे मा-जायो म्हारो सावनो ॥ ६ ॥
रूप बदलियो मिलवा धायो अमरसिंह तिणवारी रे,–
ओलखतो हाथी सूँ नीचो आवियो।
दुनियों दाखे यो कांइ होग्यो आयो अचंभो भारी रे,–
छोटो तो भाईने शिर न्हावियो ॥ ७ ॥

० दोहा ०

मिलिया हिलिया हृदय हद,– खिल्या कमल युग नेण।
ढलिया प्रेमाश्रू प्रकट, रलियो आयो सेण ॥ १ ॥

– ढाल–मूलगी –

कई दिनों रो विरह उमड़ियो, गले लिपट गया भाई।
दौड़ दौड़ राजा सब आया, दोनों ओलख-ताई जी ॥ श्री० ॥ १३९ ॥
सभी कहे कहाँ गयो बावनो, आया कठा सूँ आप।
वयरसिंह हँसकर कहे मैं हो, सुनलीजो थें साफ जी ॥ श्री० ॥ १४० ॥

ढाल ६१ मी ॥ तर्ज–ए मोती समदरियों में नींपजे० ॥

अपनी अपनो सब वीतक वार्ता, जाजम बिछाई बैठा दाखो।
अचंभो सब ने आवियो ॥
दंग हो गया दलपति सुन करी, धन्य है कैसी प्रीती राखी ॥ अ० ॥ १ ॥
श्रीपुर, मनिकपुर री बालिका, विजयपुर - वारी पांचमी जाणो।
शार्ङ्गपुर, भुजपुर, काशी कन्यका, आठोंनो मिलियो साथे टाणो ॥ अ० ॥ २ ॥

मर्यादा में चालनारो शील में सुमेर है।
भ्रात हेतु सहै दुक्ख सुखों को ठोकर मार,-
करे उपकार नित करुणा को केर है॥
धर्म में धुरीण धीर निर्मल गंगा रो नीर,-
वीर नर वाँकड़ो तूँ शोधना रो वैर है।
भूल करी पूछै बिना स्नान करी मोरे सर,-
कैसे गम खावें इत इतो ना अँधेर है॥१॥

ढाल ८३ मी ॥ तर्ज—सोहन! आज़ो मन्दरिये म्हारे प्राहुणा रे० ॥

बयरीसिंह वदे जल कारणे रे, मत खीजो अमर अवतारणे रे॥
मैं तो आयो हूं थांरे बारणे रे॥भ०॥ १॥
भक्ती करो आयो हूं प्राहुणो रे,म्हांने मोद-धरी ने वधावणो रे॥टेर॥
इतरी ओछाई नहीं है कामरी रे, झूठी ममता है धन अरु धामरी रे।
म्हारे आतुरता है काम री रे॥भ०॥ २॥
वरदान इसो दिरवाइये रे, सहायक संकट में बनजाइये रे।
प्यारो अपनो थें विरुद निभाइये रे॥भ०॥३॥
जो मोटा-पन थें छोड़सो रे, अन्याय मार्ग में दौड़सो रे।
कांई मजो मिलेला शिर-तोड़सो रे॥भ०॥४॥
कहे यक्ष डरे मत मायरो रे, सारो काज सुधारू थाँयरो रे।
अब चाल्यो मलया-चल वायरो रे॥भ०॥५॥
निज भवन ले-गयो करी खातरी रे,विद्या दे दीनी केइ जात री रे।
सुधा पाय वढाई शक्ति साँतरी रे॥भ०॥६॥
कोई जीत सकै ना तो-भणी रे, आन शान रहै आखी अणी रे।
"मिश्री" ढाल तैंयासीमी वणी रे॥भ०॥७॥

व्याह रचायो गहरा रंग सूं, घणा राजवी मिलिया आई ।
कांसूं वखाणे कवि मुख वारता, ठाठ अणूतो उमंग अथाई ॥ अ० ॥३॥
श्रीपुर, शार्ङ्गपुर नो राज ही, तीजो विजयगढ़ केरो सागे ।
तीनों ही राजा राज दिरावियो , पूर्व पुण्यों सूं व्हाला लागे ॥अ०॥४॥
दोनों भायों रा राज ज जुजुआ, जुजुआ प्राण रु भाग्य पिछानो ।
किन्तु हृदय दोनों रो एक है , विद्या बल वधियो है असमानो ॥अ०॥५॥

* दोहा *

अमर प्रशंसे लघु अधिक, वयरसिंह बड़-भ्रात ।
वस्तू सब भेली करी , सब राण्यों रो साथ ॥ १ ॥
रहै एकठा भ्रात दुहुं , संभाले सब राज ।
दिन-दिन वाधे दश गुणो, सुख संतति नो साज ॥ २ ॥

ढाल ६२ मी ॥ तर्ज– करने भारत का कल्याण० ॥

करने जग में पर-उपकार , जन्मे दोनों राजकुमार ॥ टेर ॥
श्रीपुर-सेठ-सहाब की प्रीती, दोनों भायों से वर नीती ।
अमरसी माने है अनपार ॥ जन्मे० ॥
श्रीपुर आदी के महाराजा , बर्ते आज्ञा में हित साजा,
बजाया अमर पड़ह सुखकार ॥जन्मे०॥२॥
राण्यों एक-एक से आली , विद्या बुद्धी में बलशाली ,
कला में सरस्वती अवतार ॥जन्मे०॥३॥
धर्म में दृढ कुंवर करडारी, अब तो डरे पाप से सारी ,–
धारे व्रत्त नियम हरवार ॥जन्मे०॥४॥
अढलक दानशालायें चलती, करते देव गुरू की भगती ,–
निश-दिन दीन हीन की सार ॥जन्मे०॥५॥

— चन्द्रायणा —

पुण्य तणां अंकूर पेखलो प्राणियां, सहायक-पग पग होय जिके अणजाणिया।
कृपा करो कहो आप भ्रात मुझ कद मिले, विरह तणो संताप सकल दूरो टले ॥१॥

* दोहा *

मिलसी इक मासान्तरे, फलसी मन री आस।
काशी देश बनारसी, खरी ठौर है खास ॥ १ ॥
अब विपदा आसी नहीं, अगर भूल आजाय !
याद कियों आसूं सही, संशय इसमें नांय ॥ २ ॥

ढाल ८४ मी ॥ तर्ज— शाहजादी रा बाग में दोय नारंग पाकी रे लो० ॥

कर प्रणाम प्रमुदित पणे, गग-नांगण चाल्यो रे लो, अहो गगनांगण० ।
नगर भोजपुर दूर थीं, सो नयन निहाल्यो रे लो, अहो निज नयन० ॥ १ ॥
पुर उपकण्ठे ऊतर्यो, एक अश्व बनायो रे लो, अहो एक अश्व० ।
मध्य बजारों होय ने, नृप भवने आयो रे लो, अहो नृप० ॥ २ ॥
देख शिकल सरदार री, नृप आदर दीनो रे लो, अहो नृप आदर० ।
केम पधार्या, किहाँ थकी, कहे कुँवर प्रवीनो रे लो, अहो कहे० ॥ ३ ॥
आप पास में आवियो, कुछ केवण सारू रे, अहो कुछ केवण० ।
जब अवकाश मिले जनो, या भाखू अवारू रे, अहो या भाखूँ० ॥ ४ ॥
अब ही मुझे कह दीजिये, मैं सुननो च्हावूँ रे, अहो मैं सुननो० ।
पतो पड़े क्या बात है, पीछो ज्वाब दिरावूँ रे, अहो पीछो० ॥ ५ ॥

— छप्पय - छन्द —

सुनो बात नरनाथ ! माल निज हक को लीजे।
निवलों पर कर घात भूल कर ना छीनी जे॥

धूजे नाम लियों आतंकी, कबहू नेड़ा नहीं कलंकी,–
वर्ते नीती - मय व्यवहार ॥ जन्मे० ॥ ६ ॥
पग-पग आनन्द मंगल-माला, जिनवर आज्ञा पालन वाला,–
'मिश्री' बराणूमी ढाल ॥ जन्मे० ॥ ७ ॥

※ दोहा ※

वासर वीते सुखमयी, इक दिन सभा मजार ।
विनजारो कर भेंट भल, बैठो करी जुहार ॥ १ ॥

ढाल ९३ मी ॥ तर्ज– नवकारज मंत्र बड़ा है० ॥

भाग्योदय नर का सार है, तब साज बने मन च्हाया ॥ टेर ॥
वसुनाथ कहे बिनजारा, किन - किन देशों में थांरा ।
चलता यह व्योपार है, अब किधर घूम के आया ॥ भा० ॥ १ ॥
वो केई मुलक बताया, नाम शोरीपुर का आया ।
जब कहे अमर जनपार है, कहो कैसे वहाँ का राया ॥ भा० ॥ २ ॥
नायक कहे स्वामी वहाँ का, था सूरसेन अति बाँका ।
उसका सब राज भंडार है, वो वैराट नराधिप पाया ॥ भा० ॥ ३ ॥
सूरसेन गया मुँह टारी, नहीं उसकी खबर लिराारी ।
पटराणी तस बदकार है, राजा मान गिराया ॥ भा० ॥ ४ ॥
थे नृप के सुत बल-धारी, राणी ने बात विगारी ।
गये दोनों विदेश मँजार है, बस, हाथों हीरा गमाया ॥ भा० ॥ ५ ॥
झुरते हैं पुरजन सारे, सब सुखो भये दुखियारे ।
नहीं कोई पूछनहार हैं, भये अस्त व्यस्त महाराया ॥ भा० ॥ ६ ॥
विन धणी सार कुण पूछै, रक्षक भी पूरे लूचे ।
यह तेराणूँमी ढाल है, पूछ्यांतर हाल सुनाया ॥ भा० ॥ ७ ॥

निज भुज को वल जोर वरावर से तोली जे।
दुष्ट अन्यायी होय दण्ड उनको ही दीजे॥
क्षात्र रीत परसिद्ध है, नीति वाक्य सुनलीजिये।
जो उसके होवे विरुध, शीघ्र आप तजदीजिये॥१॥

— ढाल - मूलगी —

भूप कहे समज्यो नहीं सरे, आप बात को सार।
साफ कहो जाणू तिका स कांइ, उत्तर दूं इणवार जी ॥श्री०॥१३५॥
साफ आप या सांभलो सरे, राज आपरो नीय।
मालिक वन में रड़वड़े सरे, खावण साधन नांय जी॥ श्री० ॥१३६॥

ढाल ८५ मी ॥ तर्ज— जावो जावो हो मेरे साधू० ॥

बोलो बोलो हो वचन विचारी, राज्य-सभा के मांय ॥ टेर॥
किसका राज्य कौन है मालिक, पता आपको नांय।
जिसकी भुजा में ताकत उसका, राज्य रहा जग-मांय ॥ बोलो० ॥ १ ॥
उलट पुलट चलती है दुनियाँ, कौन न्याय अन्याय।
सुख दुख कर्मों का ही फल है, कौन छुडावे आय ॥ बोलो० ॥ २ ॥
लगे कौन से चाले महाशय!, कौन भिड़ाई बात।
लाठी जिसकी भैंस कहे जग, ओखीणो अखियात॥ बोलो० ॥ ३ ॥
यही वात है श्री हजूर! जब, न्यायालय दफनाओ।
अपराधी को कुछ नहिं कहना, क्यों राजा कहलाओ॥ वोलो० ॥ ४ ॥
यों सुन कर हो कुपित भूपती, वोला वचन कठोर।
ज्यादह वोलन का हक नांही, चलो हटो तज ठौर॥ बोलो० ॥ ५ ॥
यह व्यवहार ठीक नहिं राजन्!, नहीं अदव का ज्ञान।
मैं न हटूं, हटजा गादी से, नर नहीं पशू-समान॥ वोलो० ॥ ६ ॥

– ढाल - मूलगी –

विणजारा से सुणी वार्ता , आदर मान दिरायो।
दोनों भाई महलों मांही, मनशोभो करवायो जी ॥श्री०॥१४१॥
पूतों छतों राज्य ले वैरी , बड़ी शर्म की बात।
जल्दी चलो मातृ-भूमो का , दर्शन करलो भ्रात जी ॥श्री०॥१४२॥

ढाल ६४ मी ॥ तर्ज- शोभवियों भक्ते चोखे चित्ते, नित जपिये नवकार० ॥

षटदेशों को लश्कर लाठों, लेकर चढिया वीर।
विध-विध रा राजा, शूर स-काजा , चमके कर समशीर।
केशरिया - बाना रहे न छाना, जोशीला सरदार ॥ १ ॥
भवि सुनजो भावे; आनन्द आवे; आगलड़ो अधिकार ॥ टेर ॥
फोजों री मांजो फबे करारी , राजा केई ढहजावे।
लेइ भेटणा आवे सन्मुख , सादर शीश झुकावे।
देवे तस आदर, लेवे साथे, खुश होवे जनपार ॥ भवि० ॥ २ ॥
यों जावे बढ़ता दल संचरता , विकट पहाड़ों बीच।
सरिता रे कांठे ठहरण माटे, जल निर्मल नहिं कीच।
डेरा दे दीना उत रंग-भीना, सरस अरोगे अहार ॥ भवि० ॥ ३ ॥
दोनों भाईड़ा पट कसियोड़ा, जावे परली तीर।
दास्यों री टोली ऊमर भोली , भरे कुंभ में नीर।
वृद्धा एक दासी हुई उदासी, निरखो दोय कुमार ॥ भवि० ॥ ४ ॥
शिर-पर नीर , नीर नयनों में , देखी नृप दलगीर।
पूछे किण करन ढलकत वारन , भींज रह्यो है चीर।
शंका मत राखो सारो भाखो, बात तणो व्यवहार ॥ भवि० ॥ ५ ॥
नहीं नगर गाम ढाणी इक दीसे, कित ले जावो पाणी।

भिड़क उठे सरदार सभा के, लो तलवारों सूंत।
मूंछ मरोड़ी कहे कुंवर जी, अब रहना मजबूत ॥ बोलो० ॥ ७ ॥
बातों का नहिं काम रहा है, आयुध का अब काम।
मर्जी हो सो आप करावो, डरता नहीं छदाम ॥ बोलो० ॥ ८ ॥
लड़लो भिड़लो कुछ भी करलो, राज्य करणदूं नांय।
"मिश्री मुनि" कहे पर-दुख हर्ता, ढाल पिच्यासी मांय ॥ बोलो० ॥ ९ ॥

– दोहा –

जय हर हर महादेव की, गूंज उठी आवाज।
घेरलियो कुंवर गिरद, मिलियो मरद समाज ॥१॥
उन मर्दों रो माजनो, दीनो डबल उडाय।
चोटी पकड़ी भूप की, लीनो अधर उठाय ॥२॥

ढाल ८६ मी ॥ तर्ज– लावणी० ॥

ह लाठी जिसकी भैंस देख सेलानी, देख०, नहिं मानो मेरी बात अरे अभिमानी ॥टेर॥
थररर धूजे गात लोग सारों रा२, पड़े रहे सब शस्त्र वांस भारों रा।
कुंवर घुमाई भूप गगन में फेंक्यो२, पीछो पड़तों तेह पशूवत केंक्यो ॥
मरजासूं महाभाग, बचा सुलतानी ॥यह०॥१॥
झेललियो महा जोध खड़ो करडारयो२, कहोमर्जी अब बोल कि वचन उचार्यो।
जयमंगल कर जोड़ कहे फुरमावो२, ज्यों मर्जी त्यों करो नहीं मुझ दावो।
वुला प्रथम नृप-पूत दीवी रजधानी ॥यह०॥२॥
जयमंगल तुम जाय राज निज केरो२, सुखे संभालो तेह नेह नहिं गेरो।
कीनो मोटो काम लालच नहिं लायो२, चारों कानी देख सुजस ही छायो ॥
धन्य कुंवर ने करली अमर कहानी ॥यह०॥३॥
लीलावति की मात आशीषों दीनी२, लीनो पति को वैर वीरता चीनी।

इणी देश को वेष नहीं है, नहीं राणी सेठाणी।
दास्यों हो किणरी मालिक जिणरी, तेन दशा अवार ।। भवि० ।। ६ ।।
जीर्णी सुण पूछै आप कौन हो ? किण गढ़ रा सिरदार।
उणियारा सेंदा लगे आपरा, ओजल - पड़ी अपार।
जिणसूं दुख आयो, हियो भरायो, चौराणूं मी ढार ।। भवि० ।। ७ ।।

० दोहा ०

जिसो रूप है राज रो, विसड़ा राजकुमार।
हाय गया छिटकाय के, वीता वर्ष-ज बार ।। १ ।।

— कवित्त —

ज्यांको भुज जोर तोल-सक्या ना अवनी भूप,–
रूप तो हरीन्द सागे लागे मन-मोहना।
मात के दीपानहार भूमी - भार झेलनारे,–
शत्रु-मद भंजवे को छिन-भर छोह ना।
बाल घुंघराले आले हंस - चाल चाल नारे,–
दुक्खी दुख टारनारे किया है विछोहना।
म्हांके मिले बिनों म्हाको दरद सुणेला कौन,–
इसीलिये सूनो राज आया मुझे रोवना ।। १ ।।

ढाल ९५ मी ।। तर्ज– पंथीड़ा ! बात कहो धुर छेहथी रे०

माता रे माता थी वडभागनी रे, शिक्षा, शील सु-भौन रे।
जिणरा रे जिणरा जाया जाणजो रे, गंज सकै जग कौन रे ।।१।।
भाखो हो जो कित देख्या भूपती रे, सूरत अनोखी जास रे।
अमर रे अमर वयरसी नाम है रे, कल्प वृक्ष-सा खास रे ।। टेर ।।

लीला को बड़ भ्रात शार्ङ्ग-गढ़ आयो२, मिलगयो मेरो राजकुंवर दिलवायो॥
कौन कुंवर है तेह कैसा लासानी ॥यह०॥४॥
सप्त कोट महा विकट तोड़ वो डारा२, जयमंगल का मान मूल से मारा।
यक्षराज हो प्रसन्न सुधा सन पाया२, मेरे झौंपड़े आय भोजन करवाया॥
चीजों लीवी चुराय बाई अगवानी ॥यह०॥५॥

० दोहा ०

सावधान हो जाइये, अथवा मेल कराय।
विजनस बदलो लेवसी, अब चूकेला नांय ॥१॥
इतने में ही आवियो, हाको हद्द विनाय।
बाई को सिहनि-बना, नर इक ताहि लिजाय ॥२॥

ढाल ८७ मी ॥ तर्ज- क्या रामचन्द्र से मेरा भी बल कम है० ॥

यह शार्ङ्ग गढ़ की शान देखलो प्यारे, लेजाता हूं पकड़ आन नहीं वारे ॥टेर॥
चारों चीजें कब्ज प्रथम करडारी, फिर बना सिहनी चला लेय के लारी।
राजादिक उत आय अर्ज की भारी, सब माफ करो महाराज आप बलधारी॥
तुम विद्या में भरपूर नहीं हो सारे ॥वह०॥१॥
वदे वयरसी ताम काम क्या कीना, दे मुझको विश्वास माल ले लीना।
यह फल उसका आज अरोगो भाई, क्या समजे मन मांय, नानी घर नांही॥
विजयसिरी आ पास के अर्ज गुजारे ॥यह०॥२॥
मैं समझाई, किन्तु वात नहि मानी, अपने बल में तनी, करी नादानी।
'पर' आप क्षमा के पुंज,भूल सब जावो,है सविनय यह ही विनय,हमें अपनावो॥
करो मूल गे रूप भूपती भारे ॥यह०॥३॥
विजय, शार्ङ्ग, जयमंगल तीनों राया, करो कन्या से व्याह विनय सुनवाया।
भ्रात मिले बिन मैं नहि व्याह करूंगा, बड़ भ्राता की आज्ञा शीश धरूंगा॥

किण पुर रे किण पुर कुण राजा तणां रे,लाल महा-सुखमाल रे।
पूरो रे पूरो परिचय दीजिये रे, मालुम होवे हाल रे ॥ भा० ॥ २ ॥
शोरी रे शोरी पुरना ऊपना रे, सूरसिंह नृप - नन्द रे।
छाना रे छाना वे रहवे नहीं रे, जिमि सूरज वा चन्द रे ॥ भा० ॥ ३ ॥
सूरज रे सूरसिंह नी दासियों रे, इत जल भरवा आय रे।
मानो रे मानो या मैं किणतरे रे, हृदये नहीं समाय रे ॥ भा० ॥ ४ ॥
जोंलो रे जोंलो परिचय आपरो रे, पूरो पामू नांय रे।
तोलों रे तोलों आगे किम कहूं रे, आलोचो महाराय रे ॥ भा० ॥ ५ ॥
म्हारे रे परिचय री नहीं चाहना रे, मिल्यो बात रो मर्म रे।
विखमो रे विखमी ठौर विखा-विखे रे, भामण नहीं दे भर्म रे ॥भा०॥६॥
परिचय रे परिचय म्हारो एतलो रे, शोरोपुर रो राज रे।
वैरो रे वैरो थकी छुड़ायने रे, देसों थांरे काज रे ॥ भा० ॥ ७ ॥
मिलवा रे मिलवारो मन में हुवे रे, उरहा आजो तेथ रे।
ठहरण रे ठहरण री फुरसत नहीं रे, सत्य बात हम केत रे ॥भा०॥८॥
दीनो रे सवा क्रोड़नो सोहनो रे, वर रत्नों नो हार रे।
नेऊ रे नेऊ पाँचमी यह सही रे, 'मिश्री' भाखी ढार रे ॥ भा० ॥ ९ ॥

※ दोहा ※

देय दमामा चढ़ गया, दासो जा नृप पास।
वीतक सर्व सुणावियो, बँधी जरासी जास ॥ १ ॥
कुणहा, ओलखिया नहीं, सा कहे राजकुमार।
घवरावो मत गढपती !, अब शुभ दिन सरकार ॥ २ ॥

ढाल ९६ मीं ॥ तर्ज- सखियां ! पनिया भरन कैसे जाना० ॥

था ठाट सराहें जैसा, नहीं आया देखण में ऐसा ॥ टेर ॥
संग में केई महिपाला, हय, गय, रथ, पायक आला जी।

बैठा सभा में सबै कि सत्ता निहारे ॥ महु० ॥ ४ ॥
दूत एक तिनवेर सभा में आयो, दे पत्र भूप के हाथ कि शीश झुकायो ।
काशी-नृप की कन्या-हित उपकारो, रचा स्वयंवर खास निमंत्रण म्हारो ॥
आयो देवण काज हजूर पधारे ॥ महु० ॥ ५ ॥

— ढाल–मूलगी —

तीनों नृप कहे कुँवर-साब , क्या से मरजी फरमावो ।
सभी चलें या दें नाकारो, पहले सोच लिरावो जी ॥श्री०॥१३७॥
मैं न चलूँ संग , आप पधारो, मेरे जरूरी काम ।
सह परिकर तीनों नृप जावे, दूत संघाते ताम जी ॥श्री०॥१३८॥

ढाल ८८ मी ॥ तर्ज–करुणालय श्री कुंथु जिनेश्वर, करे भक्त कल्याण० ॥

कई कमनीय कौतुक दिखलावे, जो नर हो पुनवान ।
श्रोताजन सुनिये धर कर ध्यान ॥टेर॥
बनकर योगी कुँवर सिधाया, गगन गती से काशी आया ।
राज-कन्या ढिग पत्र गिराया,उसमें यह वृत्तांत लिखाया ॥
करे समस्या पूरण उसको पति लेना तुम मान ॥ श्रो० ॥ १ ॥
ईश्वर रंग धरे तन केते, कौन स्थान पे बुद्धी रहते ।
विशुद्धात्मा क्या खाते हैं, चार छोर के कहाँ जाते हैं ॥
इसका उत्तर देने वाला स्याद्वाद का जान ॥ श्रो० ॥ २ ॥
कन्या पत्र पढी म्ही राजी, चारों समस्या है अति ताजी ।
तात मात से वा दर्शाई, करे पूरती जो गननाई ॥
मैं वरमाला फिर पहनासूँ, ये ही शुभ वरदान ॥ श्रो० ॥ ३ ॥
राज्यकुँवर राजा जे आया, यथायोग्य आदर वे पाया ।
रंग मंडप में आसन ठाया, मुहुरत पै शृंगार सजाया ॥

(

दिखते थे इन्द्र के तैसा ॥ था० ॥ १ ॥
वांकड़ली फौजों-वाला, दुश्मन दहलाने-वाला जी ।
बलवान भले हो कैसा ॥ था० ॥ २ ॥
दल चला सिन्धु-सा गाजे, वाजित्र वीर-रस वाजे जी ।
वैराट नगर नरेशा ॥ था० ॥ ३ ॥
यह कौन भूप चढ़ आया, नहीं प्रथम संदेश पठाया जी ।
क्या चाहत करन कलेशा ॥ था० ॥ ४ ॥
कोट, किला समराया, दलपति पै हुकम लगाया जी ।
रहो त्यार युद्ध अंदेशा ॥ था० ॥ ५ ॥
इत अमरसिंह महिराना, फौजों का कैम्प लगाना जी ।
भेजा दूत साथ सन्देशा ॥ था० ॥ ६ ॥
वैराट-नाथ पै आया, श्री अमर कथन सुनवाया जी ।
छिन्नूमी ढाल सुरेशा ॥ था० ॥ ७ ॥

॰ दोहा ॰

रे नृप चाहत जीव जस, रजवट अरु रजथान ।
आन दिखा पौरष अठै, जहाँ जुड़े मैदान ॥ १ ॥
अगर किया आलस जरा, गढ़ करसू ढमढेर ।
वैर वसायो सबल से, फैर चहत क्या खेर ॥ २ ॥

ढाल ६७ मी ॥ तर्ज– चित्तौड़ा राजा रे० ॥

नृप सुन परजलियो रे, बोले हलफलियो रे ।
कुंण आयो अलियो मरवा कारणे रे ॥ १ ॥
नहीं भिलियो रे, मर्दानो न मिलियो रे ।
लियो निकल्यो वारणे रे ॥ २ ॥

राज-सुता दासी के झुण्ड से, आई रती समान ॥ श्रो० ॥ ४ ॥
रूप चूप तन की पुनवानी, कन्या की लख सभो वखानी।
रंग-मण्डप के बीच सयानी, खड़ी दिखे मानो इन्द्रानी ॥
राज-कन्या के बड-भ्राता ने, कथन किया उत आन ॥ श्रो० ॥ ५ ॥
वचन यही सरदारो ! सुनलो,सत्य बात है उर में ठनलो।
बाई समस्या चार विचारो, करो पूरती शीघ्र उचारो ॥
'मिश्री' इठचासीमी ढाल वरेंगे, जो हो बुद्धि निधान ॥श्रो०॥ ६ ॥

* दोहा *

वाक्य श्रवण वसुधाधिपति, करके कीनो गौर।
जमो नहीं झांका पड़या, मचग्यो है झकझोर ॥ १ ॥
वयरिसीह बन बावनो, वीणा करके माँय।
मँडप - द्वार पै आवियो, गाणो मधुर सुणाय ॥ २ ॥

ढाल ८९ मी ॥ तर्ज—हो सरदार थांरो पँचरँग लहर्यो भींजे म्हांका० ।

बोल्यो बन्धव बहन रो रे, मौन धरी क्यों राय,–
हो सरदारों ! इणमें गौरब थाँरो घटसो म्हांका राज ॥
माला ले बाई खड़ी रे, समय निकलतो जाय,–
हो सरदारों ! यों तो कन्या नांही मिलसी म्हांका राज ॥ १ ॥
वड़ा-वड़ा उमराव हो रे, तुम भुज भूमी भार,–
हो सरदारों सारी मतना बात गमावो म्हांका राज ॥
थांरी कानी देखी रह्या रे, करो क्यों न विचार,–
हो सरदारो ! न्यात रा मुखिया थे कहलावो म्हांका राज ॥ २ ॥
वुद्धि-वल विन ना वणे रे, हिम्मत पड़ न कोय,–
हो सरदारो ! नाँही वोझ उठाणो इण में म्हांका राज ॥

बोले दूत सनूरो रे, ऊकलता ना ऊरो रे।
नहीं दूरो करो आ जुहारड़ा रे ॥ ३ ॥
मालुम पड़जासी रे, फिर राज्य दबासी रे।
नहीं आसी आडो आनड़ा रे ॥ ४ ॥
जलदी सूँ जकड़ो रे, इण दूत ने पकड़ो रे।
कर कालो मूँडो काढदो रे ॥ ५ ॥
चंचलता-वारो रे, दूत कीनो किनारो रे।
फौजी अफसर फौजों चाढ़ दो रे ॥ ६ ॥
दूत दीनी सिलामी रे, वाँको वछ नो स्वामी रे।
वो तो युद्धनो कामी आवसी रे ॥ ७ ॥
वयरीसिंह बोले रे, आवणदे ओले रे।
ज्यों तोले जेम तुलावसी रे ॥ ८ ॥
फौजों चढ़ चंगी रे, आई नवरंगी रे।
सत्ताणूंमी संगी ढाल सुहावसी रे ॥ ९ ॥

— ढाल-मूलगी —

झण्डा रुपिया जंगरा सरे, डेरा दीना डाल।
बूच्छीं, भाला, तीर, तमंचा, खड्गों साथे ढाल जी ॥ श्री० ॥ १४३ ॥
आँटीला अलवेला अड़िया, भरिया क्रोध कराल।
भिड़िया पिण डरिया नहीं सरे, जड़िया शस्त्र जमाल जी ॥ श्री० ॥ १४४ ॥

ढाल ९८ मी ॥ तर्ज— आसावरी० ॥

मान मतकर रे मूढ अनारी, सब इसने बात बिगारी ॥ टेर ॥
दोनों फौजों घर मन मोजों, खोज गमावण खारी।
लड़े लड़ाई पौरष-लाई, कुभियन रखत लिगारी ॥ मान० ॥ १ ॥

जो जिन मत रा जाण व्है रे, उत्तर देवे सोय ,–
हो सरदारो वे तो सोच लेवे इक छिन में म्हांका राज ॥ ३ ॥
बावन बाबो आवियो रे, बोल्यो है ललकार ,–
हो सरदारो ! यों कांई ढीला ढाला ढीजो म्हांका राज ॥
मैं करदूं अब पूरती रे, मत कीजो तकरार –
हो सरदारो ! थें तो रीस रसायण पीजो म्हांका राज ॥ ४ ॥
दो धोला, दो लाल है रे, दो हरिया, दो श्याम ,–
हो सरदारो ! सोला सोवन वर्ण विराजे म्हांका राज ॥
पाँचों रंग जिनराज रा रे, भजियों व्है सुख धाम ,–
हो सरदारो ! पहली यही समस्या छाजे म्हांका राज ॥ ५ ॥
बुद्धि स्थान दिमाग है रे, गम खावे मुनिराज ,–
हो चारों गति छोड़्या मुगती-गढ को पावे म्हांका राज ॥
चारों उत्तर लीजिये रे, फर्क होय जो आज ,–
हो सुनवादो म्हांने उत्तर आछो आवे म्हांका राज ॥ ६ ॥
कन्या सुण राजी हुई रे, दीसे परतिख रूप ,–
हो माला पहनादी बड़े मोदसूं वांही म्हांका राज ॥
इसो ढंग देखी तदा रे, रीस भराणा भूप ,–
हो कुण आयो इणने माला क्यों पहनाई म्हांका राज ॥ ७ ॥

– चन्द्रायणा –

हुई अपार कन्या बे-भान है, परणीजे यो मूढ रहै किम मान है ॥
ऊठो जल्दी जोध, माला को छीनलो, बाबा रा शिर-केश जूतों सूं बोनलो ॥१॥

– कवित्त –

इन्द्र के अखाड़े आय प्रेत जो फितूर करे ,–

क्रोधारुण गोधा ज्यों चवड़े, आहुड़िया अधिकारी ।
लाशों पै लाशों कर डारी, खलक्यो खून अपारी ॥ मान० ॥ २ ॥
वयरसोह तो वीच में आयो, नाहक हिंसा ज्हारो,
अव मेटूं मैं सारो झमेलो, देखो कैसो बलधारी ॥ मान० ॥ ३ ॥
ले धनु-बान सुलतान वकार्यो, वच्छ नृप ने तिणवारी ।
क्यों नाहक में मनुष्य मरावो, द्वन्द युद्ध मनसारी ॥ मान० ॥ ४ ॥
तुम हम वल की होय परीक्षा, निरख लेवे सरदारी ।
आजाओ अव देर करोना, हूंस निकालो सारी ॥ मान० ॥ ५ ॥
अखे आखतो वच्छ-नराधिप, मुझको मूढ़ वकारी ।
क्यों मरवा ने त्यार हुवो है, जान वूझ मतिहारी ॥ मान० ॥ ६ ॥
रे मतिहीन ! बोल नहीं जाणे, लच्छन क्षत्री विसारी ।
तुच्छ शब्द निकसे मुख तोरे, जैसे फूहड़ नारी ॥ मान० ॥ ७ ॥
नीच ! निलज्ज ! राज ले पर को, छकियो राज्य-सता री ।
एक मिनट में सर्व भुला दूं, तो जीणियो महतारी ॥मान०॥ ८ ॥
ढाल अठाणूं में दोनों अड़िया, निज निज वल विस्तारी ।
'मिश्री मुनि' कहे विजय उन्हीं की, पुण्य-प्रबलता ज्यांरी ॥ ९ ॥

* दोहा *

घमासान युद्ध मचगयो, शस्त्र वहै जल-धार ।
निज, पर की मालुम नहीं, उडे झोंक अनपार ॥ १ ॥
देखे जे दाखे इसो, किसा वीर बलवान ।
जिन जननी ने धन्य है, पय पायो विरियान ॥ २ ॥

ढाल ९९ मी ॥ तर्ज– तेरी फूल-सी देह पलक में पलटे० ॥

प्रबल लड़े है प्राक्रम पूरो, वयरसोह बड़भागी ।

वीरों के अगाड़ी हींज खेंचे तरवार जो।
शाहों के समाज बीच कंगला किलोल करे,–
परियों के पास नाचे जैसे फूड़ नार जो॥
कमनीय पुष्प-क्यारी-मध्य जो बंबूल ऊगे,–
पण्डितों से वाद करे आन के गिंवार जो।
ऐसे नरराज जहाँ बावनो प्रणीत करे,–
सहन कैसे होवे जरा सोचो सरदार जो॥ १॥

— दोहा —

टारो मत मारो जरद, धारो सारो साज।
वारो कहा न्यारो करो, आरो कारो काज॥ १॥
भिड़क ऊठिया भूत ज्यों, बावन से कहे वेन।
माला तज भागो सतत, चवो मरण रा चैन॥ २॥

ढाल ६० मी॥ तर्ज तेजा जी री०॥

आवो आवो सूर सुलतानों!, भल आया रे, स्वागत करे रे थाँरो बावनो।
ताजी ताजी तरवारों चमकावो म्हांरा भाया रे, मोखो तो आयो रे मनभावनो॥१॥
सोरी देदूं वरमाला थे इसड़ी मतना जाणो रे,मतिड़ा माथे रे साटे खावणा।
सधवा रा जायोड़ा व्हो तो सामी छाती आजो रे,नांतर तो चूंनड़ ने लेंगो धारना॥२॥
बोलड़ा बावनिया केरा आक सरीसा लागा रे, रीस तो छूटी है अति आकरी।
वर्षे वर्षे बाण त्रिशूल भाला भारी रे, झोंक बाजी रे सूरिया वाक री॥३॥
बावनियो घोटो ले नाचे वीणा वजावे न्यारी रे,फोजों तो ढले रे जूनी भीत ज्यों।
[जा]वे सोही लांबो होवे पाछो तो नहिं जावे रे,मिलणी तो करे रे व्हाला मित ज्यों॥४॥
आयो हाको बावो बांको, ओ नहीं किणरे सारे रे,–
स्यान तो विगाड़ी सारा साथ री।
वड़ वड़ राजा वद-वद चढ़िया, पड़िया धूल ही चाटे रे,–
वात तो रही है नहीं

नगर वैराट तणो वो राजा, चित में चिन्ता जागी ॥१॥
अब क्या करणो - श्रो जीत्यो नहीं जावे ॥ टेर ॥
शक्ति - बाण फेंकियो फटके, वयरसिंह शंकायो।
बाण बण्यो विकराल गगन में, ज्वालो ज्वाल मचायो ॥ अब० ॥ २ ॥
शार्ङ्गढ री राज - दुलारी, अमरसिंह ने आखी।
शीघ्र करो उपचार अन्यथा, नहीं राखेला बाकी ॥ अब० ॥ ३ ॥
नर, सुर अरु सरदार शंकिया, काम बण्यो है अबको।
ए मरणांसूं जुल्म हुवेला, दुनियों देसी ठबको ॥ अब० ॥ ४ ॥
अमरसिंह कहे जो तुम जाणो, वही उपाय बताओ।
सो करले सूं सुण हे लाडी !, म्हारो वीर बचाओ ॥ अब० ॥ ५ ॥
शक्ति ज्यों ज्यों नेड़ी आवे, मचरह्यो हाहाकारो।
वअरसीह तब यक्ष सुमरियो, सो आयो ततकारो ॥ अब० ॥ ६ ॥
वज्र मार शक्ति ने तोड़ी, भूतण भंजवारो।
कर न्हाक्यो राख्यो वन स्हायक, परचो है पुन्ना रो ॥ अब० ॥ ७ ॥
कुंवर कोपियो अब कित जासी, इष्ट याद कर थारो।
तीन लोक में नहीं कोइ मिलसी, रक्षण होय तिहारो ॥ अ० ॥ ८ ॥
मुदगर मार कियो भखभूरो, जीत दुंदुभी बाजी।
निन्नाणूं मी ढाल मांयने, कुंवर बात की ताजी ॥ अ० ॥ ९ ॥

– दोहा –

॥ कच्छ देश वैराट ले, दीपायो निज वंश।
धन्य धन्य जनता कहे, करे घणी परशंस ॥१॥
तन साजो औषध करी, शोरीपुर आवंत।
सूरसेण महाराय को, लाया वठै तुरन्त ॥२॥

ढाल १०० मी ॥ तर्ज- अे मोती समदरिया में नीपजे० ॥

सारो परिवार ज भेलो करलियो, दियो तात भरणी तब राजो ॥
मोत्यां सूं मूंघो लाडलो, वंश - उजागर लागे आछो ॥ टेर ॥
वैर लियो है अपरणा बाप रो, हाथों सुधारयो सारो काजो ॥मो०॥१॥
पण्डित, मंत्री दोनों मानिया, भूल्या नहीं म्हांरो वे उपकारो ॥मो०॥
भेद खुलतों ही दासी भूप ने, दीधी वधाई राजकुमारो ॥मो०॥२॥
सुणतों ही राजा दोनों नंद ने, कण्ठ लगाया पोख्यो प्यारो ॥मो०॥
पूरा पुनवन्ता घर में जनमिया, मैं तो अपराधी पुत्रो ! थांरो ॥मो० ।३॥
राणी जाणी ने वाणी ऊचरी, पुत्रो ! थें म्हारो माथो तोड़ो ॥मो०॥
कुंवर दाखे हो भोला मातजो !,ओ तो कर्मों रो चालो जोड़ो ॥मो०॥४॥
म्हारे नहीं द्वेष किणी रे ऊपरे,म्हारो तो कर्त्तव्य आन बजायो ॥मो०॥
कांई किरियावर इण में मोटको,राजा तो मन में घणो लजायो ।मो ॥५॥
सभा भराणी घणा ठाठ सूं, कीधा सो कार्य सकल सुणाया ॥मो०॥
इचरज आया, पाया सुख घणा, भेंट घर-घर रंग वधाया ॥मो०॥६॥
सारा पुर-जन ने कुंवर जीमाविया, सारों ने सीख समर्पी सागे ॥मो०॥
शोरीपुर राज - तिलक रे कारणे, तात पुत्रों से वाचा माँगे ॥मो०॥७॥
कुंवर कहे नहीं म्हारे चाहना, राज्य आठों हो आगे म्हारे ॥मो०॥
मर्जी व्हे जिणने आप दिरायदो, सेवा में हाजिर रहसों थांरे ॥मो०॥८॥
राजधानी तो पुर वैराट में, दोनों ही बन्धव रहवे साथे ॥मो०॥
धर्म - दृढ़ायो, न्याय दिखावियो, दान अदलख देवे हाथे ॥मो०॥९॥

० दोहा ०

पुत्र हुवा पुन्यातमा, चार चार घर नंद ।
विगत काल जाणे नहीं, चहुं पावे आनन्द ॥१॥

'मिश्री' कहे तस धन्य घड़ी ॥ श्रावक० ॥ ५ ॥

— दोहा —

मुखड़ा पै मुसकान है, दुखड़ा पै ना ध्यान ।
दृढ़ता तास निहार के, मिल दे सारा मान ॥ १ ॥

ढाल ५ मी ॥ तर्ज– वन्हा उमराव० ॥

पिया म्हारा, अर्ज करूँ कर-जोड़, जिण पै ध्यान दिरावो हो, म्होरा भरतार ।
पिया म्हारा, साधन नहि कोई ओर, कीकर गुजर चलावों हो, म्हो० ॥ १ ॥
पिया म्हारा, बिक गयो साज समान, गेहणा गांठा सारा हो ॥ म्हो० ॥
पिया म्हारा, आप पूरा परेशान, भूखों मर हुवा कारा हो, ॥ म्हो० ॥ २ ॥
पिया म्हारा, लूगो पड़ियो शरीर, धीरज किण-विध धारू हो, म्हो० ॥
पिया म्हारा, अतिथि देखि दिलगीर; व्हांने किम जिमाडू हो, म्हो० ॥ ३ ॥
पिया म्हारा, आप पधारो म्हारे पीर, मैं छूँ सबने व्हाली हो, म्हो० ॥
पिया म्हारा, देसी धन, कन, चीर, मेलेला नहीं खाली हो, म्हो० ॥ ४ ॥
पिया म्हारा, इतरो कांई आलोच, व्हांने आप पिण साज्या हो, म्हो० ॥
पिया म्हारा, बनो उद्योगी, तज सोच, सहाय लेवे वड़ राज्या हो, म्हो० ॥ ५ ॥
गोरी म्हारी, ओछी बुधो करी आज, वेण इसा वयों आले है, म्होरो घर नार ॥
गोरी म्हारी, घर री खोवे लाज, लागी किणरे चाले है ॥ म्हो० ॥ ६ ॥
गोरी म्हारी, वणी वणी रा सब लोग, विगड़चो आंख चुरावे है, म्हो० ॥
गोरी म्हारी, देवे ना एक छदाम, ताना और सुनावे है, म्हो० ॥ ७ ॥
गोरी म्हारी, दुख में धोरज धार, ए दिन पिण वह जासी है, म्हो० ॥
गोरी म्हारी, स्वारथियो संसार, मेणियों पछै तुणासो है, म्हो० ॥ ८ ॥
गोरी म्हारी, मतना मुझे डिगाव, लाभ नाही सुणलीजे है, म्हो० ॥
गोरी म्हारी, कर्मो रो है स्वभाव, ध्यान उणी पै दीजे है, म्हो० ॥ ९ ॥

एक दिवश उद्यान में, पहुधारे मुनिराज।
खबर सुणत सह-साथसूं, जावे वन्दन काज ॥२॥

ढाल १०१ मी ॥ तर्ज- आज आनंद घन योगीश्वर आया० ।

सुद्गुरु वन्दी अधिक आनन्दी, सुणी देशना भारी रे लो ॥
रोम-रोम में रुचगी सारो, उमंग लगी तिरवारी रे लो ॥ १ ॥
शुभोदय सूं संगति मिलती, झिलती दशा जयकारी रे लो ॥ टेर ॥
पद प्रणमो पूछै है स्वामी, सुख दुख किण विध लाधा रे लो ॥
उन्नति होगी, विपदा खोगी, आइ घणे री बाधा रे लो ॥शु०॥२॥
मुनिवर भाखे सुणो नराधिप, पूरब भव के मांही रे लो ॥
चार प्रकारे धर्म अराध्यो, उत्कृष्ट भावों ने लाई रे लो ॥शु०॥३॥
पिण मिथ्यात्वी मित्र-योग थो, बिच बिच शंका आणी रे लो ॥
विगर आलोयों बन्ध पड़्यो थो, सो होगइ भुगतानी रे लो ॥शु०॥४॥
कर वन्दन आ राज-भवन में, आठों पुत्रों तांई रे लो ॥
अलग अलग दे राज्य सम्पदा, पति पत्नी हुलसाई रे लो ॥शु०॥५॥
संयम ले दुर्धर तप कीधो, शिव सुख पायो सीधो रे लो ॥
दोनों भव वे सफल करीने, मनवांछित सुख लीधो रे लो ॥शु०॥६॥
कथा रसाली चित उजवाली, भ्रातृ-भाव दर्शाई रे लो ॥
नव निर्मित की विविध तर्ज में, नव रस सुन्दरताई रे लो ॥शु०॥७॥
आचार्य श्री रघुनाथ जो, टोडर, इन्द्रसी आला रे लो ॥
भोमत, गिरधर, धर्म, मान, वुध, कृपा करी सुविशाला रे लो ॥शु०॥८॥
चरणाम्बुज-पट्पद "मुनि मिश्री", गुरु कृपा अनुसारे रे लो ॥
अमरसीह अरु वयरिसीह रो, रचियो ओ अधिकारो रे लो ॥शु०॥९॥
न्यूनाधिक कविता में आयो, मिथ्यादुष्कृत मम होवो रे लो ॥

— दोहा वाजिंद री राग में —

हाँ रे सुन बोली, हे नाथ ! बात क्या कर रहै।
हां रे सगो सगों रो साथ सदा ही दे रहै॥
हां रे करो परीक्षा राज ताज शिर माहरा।
पीयर केरो प्रेम होवेगा साहरा॥ १॥
हां रे मत कर जिद हकन्हाक माजनो जावसी।
हां रे तूँ गिण दे - दे गाँठ कोड़ी नहीं पावसी॥
हां रे तुज मन राखण हेतु जावूँ मैं सासरे।
हां रे फिर दीजे मत दोष रहै धन आसरे॥ २॥

ढाल ६ ठी ॥ तर्ज– लावणी० ॥

जब सेठ चल्यो ससुराल आप उपवासी २।
वनिता मोदक च्यार बनाया खासो।
होसी पारणो पंथ कंथ परकासी २,
क्यों करे प्रिया तूँ फिकर होनी हो जासी॥ १॥
टार सके कुण ओर गौर तूं कर रे २,
ओ धन्य धन्य है सेठ धीरज को घर रे॥ टेर॥
पाणी पात्र पिण साथ कोथलो साथे २,
ओ पैदल चाल्यो जाय इशारे माथे।
जीवन में यो जोग प्रथम दिखलाते २,
पिण अंजस रत्ती मात्र नहीं वे लाते॥
कांटे भागे रेत लगे ठोकर रे॥ ओ० ॥ २॥
दिन-भर चाल्यो खूब थक्यो अनपारी २,
भूखो प्यासो साथ नहीं असवारी।

भाव सुणो ने अयि भवि-जीवो !,शुद्ध स्वरूप संजोवो रे लो ।गु०॥१०॥

७ २ ० २
द्वीप, नयन, नभ, कर शुभ वर्षे, माधव कृष्ण पख आयो रे.लो ॥
भद्रा तिथि सुरगुरु शुभ वेला, ग्रंथ पूर्ण सुखदायो रे लो ।।गु०॥११।

— कलश —

विनय - भक्ती ज्ञान-शक्ती साधना में लीजिये ।
आत्म-रूप विचार निश दिन शान्ति सुधा-रस पीजिये ॥
गुरुदेव श्री बुधमल कृपा से सदा मंगल-माल है ।
मिश्रि मुनि के सदा वर्ते जय विजय सु- विशाल है ॥
देश मरुधर नगर वेनातट महा-रमणीक है ।
"शुकन मुनि" कथनाते जोड़ी चौपई स-श्रीक है ।। १ ॥
इति श्री अमरसेण वयरसेण चरित्र समाप्त ॥ शुभं भवतु ॥

अस्त होत दिन - नाथ रात अँधियारी २,
...षो दीनो ठाय भाव शुध धारी ।
भूले सम्यक् ज्ञान शान्त - रस सर रे ॥ ओ० ॥ ३ ॥
...दिय के होत पौषध-व्रत पारी २,
कीवी समायिक शुद्ध दोष सब टारी ।
...ोकारसि उपरान्त धोवन कर त्यारी २,
करण पारणो, मोदक काढे व्हारी ।
दान दियों बिन करू ँ असन कीकर रे ॥ ओ० ॥ ४ ॥
हे प्रभो ! दास का नियम आजलो रक्खा २,
मैं सत्य धर्म का मजा खूब ही चक्खा ।
हे कृपानाथ ! इण टेम देवो मत धक्का २,
कृपा आपकी होत नियम रहे पक्का ।
'मिश्री' सम या टेर सुनी जिनवर रे ॥ ओ० ॥ ५ ॥

ढाल ७ मी ॥ तर्ज– जी रे गाडी खड़ो रे गुजरात री० ॥

जी रे जितरे तो जंघा-चारण मुनिवरू,
जी रे मास खमण तप वारू हो ।
अभिग्रह दिल धारियो, तपस्या को पौषो करियो,
सामायिक करने आवे सामने ॥ १ ॥
जी रे च्यार मोदक व्है पल्ले वाँधिया,
जी रे च्यारों स्कंध पालन - वारो हो ।
इमरत-सी वोली प्रतिज्ञा पूरण हो-ली,
तो ले गोचरिया करसूँ पारणो ॥ २ ॥
जी रे गगन - गति सूँ हेठा आविया,
जी रे चाली जतनों री ज्यांरो हो ।

एक दिवश उद्यान में , पहुधारे मुनिराज ।
खबर सुणत सह-साथसूँ ,जावे वन्दन काज ॥२॥

ढाल १०१ मी ॥ तर्ज- आज आनंद घन योगीश्वर आया० ।

सुद्‌गुरु वन्दी अधिक आनन्दीं, सुणी देशना भारी रे लो ॥
रोम-रोम में रुचगी सारो, उमंग लगी तिरवारी रे लो ॥ १ ॥
शुभोदय सूँ संगति मिलती, झिलती दशा जयकारी रे लो ॥ टेर ॥
पद प्रणमो पूछै है स्वामी, सुख दुख किण विध लाधा रे लो ॥
उन्नति होगी, विपदा खोगी, आइ घणे री बाधा रे लो ॥शु०॥२॥
मुनिवर भाखे सुणो नराधिप, पूरब भव के मांही रे लो ॥
चार प्रकारे धर्म अराध्यो, उत्कृष्ट भावों ने लाई रे लो ॥शु०॥३॥
पिण मिथ्यात्वी मित्र-योग थो, बिच बिच शंका आणी रे लो ॥
विगर आलोयों बन्ध पड़्यो थो, सो होगइ भुगतानी रे लो ॥शु०॥४॥
कर वन्दन आ राज - भवन में, आठों पुत्रों तांई रे लो ॥
अलग अलग दे राज्य सम्पदा, पति पत्नी हुलसाई रे लो ॥शु०॥५॥
संयम ले दुर्धर तप कीधो, शिव सुख पायो सीधो रे लो ॥
दोनों भव वे सफल करीने, मनवांछित सुख लीधो रे लो ॥शु०॥६॥
कथा रसाली चित उजवाली, भ्रातृ - भाव दर्शाई रे लो ॥
नव निर्मित की विविध तर्ज में, नव रस सुन्दरताई रे लो ॥शु०॥७॥
आचार्य श्री रघुनाथ जो, टोडर, इन्द्रसी आला रे लो ॥
भोरत, गिरधर, धर्म, मान, वुध, कृपा करी सुविशाला रे लो ॥शु०॥८॥
चरणाम्वुज - षट्पद "मुनि मिश्री", गुरु कृपा अनुसारे रे लो ॥
अमरसोह अरु वयरिसीह रो, रचियो ओ अधिकारो रे लो ॥शु०॥९॥
न्यूनाधिक कविता में आयो , मिथ्यादुष्कृत मम होवो रे लो ॥

धर्मों रा धोरी, मोह ममता ने मोड़ी,
गयवर-सा मलपत श्रावक भालिया ॥ ३ ॥
जी रे हर्ष्यों हियड़ा में हद-बिन सेठियो,
जी रे सनमुख दौड़ी ने आयो हो ।
स्तवना कर भारी, लायो निज स्थान तिवारी,
अभिग्रहधारी मुनि कियो पारणो ॥ ४ ॥

* दोहा *

चारों मोदक दान में, दिये सेठ गुणवंत ।
संत संचरचा व्योम में, सेठ लियो निज पंथ ॥ १ ॥
आयो उत्सुक होय ने, निज सासर की पोल ।
धुर मिलिया धण रा पिता, ओलख लिया अडोल ॥ २ ॥

ढाल ८ मी ॥ तर्ज– दादरा ॥

धन रो मिजाज मत राखो रे जिगर में,
राखा रे जिगर में, पड़ोला डगर में ॥ धन रो० ॥ टेर ॥
धन तो बनावे गेला साथ नहीं देला,
भेला भा कमाया तो भी देवे ना जगर ने ॥ १ ॥
धनवानों ने लागे नहीं शिक्षा,
कौन जगावे कोइ सूतोड़ा मगर ने ॥ २ ॥
दान पुन सामायिक पौषा नहिं होवे,
सुगुरु दर्शन नहीं करे रे फजर में ॥ ३ ॥
मात, तात, भ्रात, वेटा, भानजो ने भायला,
लोभोड़ा रे एक नहीं आवे रे नजर में ॥ ४ ॥
गरीबों सूं जोड़े माया खून व्हांरो चूंसकर,

भाव सुणो ने अयि भवि-जीवो !, शुद्ध स्वरूप संजोवो रे लो ।शु०॥१०॥

७ २ ० २
द्वीप, नयन, नभ, कर शुभ वर्ष, माधव कृष्ण पख आयो रे.लो ॥
भद्रा तिथि सुरगुरु शुभ वेला, ग्रंथ पूर्ण सुखदायो रे लो ।।शु०॥११॥

— कलश —

विनय - भक्ती ज्ञान-शक्ती साधना में लीजिये ।
आत्म-रूप विचार निश दिन शान्ति सुधा-रस पीजिये ॥
गुरुदेव श्री बुधमल कृपा से सदा मंगल-माल है ।
मिश्रि मुनि के सदा वर्ते जय विजय सु- विशाल है ॥
देश मरुधर नगर वेनातट महा-रमणीक है ।
"शुकन मुनि" कथनाते जोड़ी चौपई स-श्रीक है ॥ १ ॥
इति श्री अमरसेण वयरसेण चरित्र समाप्त ॥ शुभं भवतु ॥

तो भी व्हाँ सूँ डोडा चाले गेंद री गजर में ॥ ५ ॥
धन रा नशां में सेठ जमाइ न जाणियो,
वाणियो वण्यो है पक्को छातीरो वजर में ॥ ६ ॥
मुजरो जमाई कियो हाथ दोनों जोड़कर,
सेठ ने मालुम जद हुइ रे हजर में ॥ ७ ॥

ढाल ९ मी ॥ तर्ज-हां सगीजी ने पेड़ा भावे० ॥

हाँ सेठ बोल्यो है तड़की, भूत खईश जिसो वो भिड़की।
विन जोगी वो बात कही, बिजलो-सो कड़को रे ॥ सेठ० ॥ टेर ॥
भला जनमिया थे निर्भागो, पूंजी सारी मारग लागी।
दाग दियो थे सात पीढ़ी ने, वण्या निरागो रे ॥ सेठ० ॥ १ ॥
बुरा दिखावण क्यों इत आया, आछा सारा लोग हँसाया।
दान पुन्न ए कीधोड़ा, कांइ आडा आया रे ॥ सेठ० ॥ २ ॥
कहे जमाई मैं नहिं खाई, किणरी पूंजो मैं न डुबाई,
मेणी री कांइ बात, रहै किम एह रखाई रे ॥ सेठ० ॥ ३ ॥
मैं नहीं आतो लाखों वातों, काम चलाऊँ मैं खुद हाथों।
तो भी तनया तोरी भेज्यो, आधी राती रे ॥ सेठ० ॥ ४ ॥
रकम उधार सहायता कारण, मैं आयो छूं सुनिये वारण।
चारण-सी नहीं चाह, खुशामद करूँ न धारण रे ॥ ५ ॥

– दोहा –

जावो आप दुकान पे, मैं आवूं वन जाय।
म्हो सूं जो भी वनसक्यो (तो) देनूं काम बनाय। १ ॥

ढाल १० मी ॥ तर्ज- छिपपे तूं गुमरापा रे० ॥

स्वारथियो संसार, भरोसो क्या भाई।

गर नहिं हो इतवार, देखलो अजमाई ॥ टेर ॥
चलकर आया खास दुकाने, आदर कुछ भी मिला न व्हाँने,
विन पैसे किसको पहिचाने,
कुन करे सार सँभार, भले हो जमाई ॥ स्वा० ॥ १ ॥
नींब-तरू-तल बैठक खाना, व्हाँ पै श्रावक आसन ठाना।
नहीं कोई उसको बतलाना,
है पैसे का प्यार अरे दुनियों मांई ॥ स्वा० । २ ॥
इतै सेठजी स्वयं पधारे, लड़कों से वो सलाह विचारे।
आया जमाई घरे अपोरे,
पूँजी दिवी विगार, भेजा है यहाँ बाई ॥ स्वा० ॥ ३ ॥
मदत इसे देनी या नांही, जो इच्छा सो दो बतलाई।
सुन लड़कों ने कीवी मनाई,
नहीं देने में सार, कहे च्यारों भाई ॥ स्वा० ॥ ४ ॥
जार, जमाई, जाट, भानजा, रेबारी, सोनार, नागजा।
नट, भट, जूवावाज, झूठजा,
नहिं माने उपकार, कहा नीती मांही ॥ स्वा० ॥ ५ ॥
घर का धन सब हाथों खोया, आघा पोछा कुछ नहिं जोया।
यहाँ पै अब आकर के रोया,
देंगे सो कर छार, माँगेगा फिर आई ॥ स्वा० ॥ ६ ॥
सेठ कहे सच्चा है कहना, देने से उलटा दुख लेना।
चुप चाप होकर के रहना,
चला जासी निज द्वार, ढाल मिश्री गाई ॥ स्वा० ॥ ७ ॥

– दोहा –

तात, जात की वारता, सुनकर खास मुनीम।

सुश्रावक जिनदास-चरित्र

हृदय वेदनः अनुभवी, हहो ! स्वार्थ निस्सीम ॥ १ ॥
पटक्या कूँची चौपड़ा, लो संभालो सेठ ।
अहल गमाया हूं दिवश, करके तोरी वेठ ॥ २ ॥
गंजा शीश सँवारना, करे क्लीब का व्याह ।
वैसे शाहा पद आपको, टुक शोभे है नांह ॥ ३ ॥

ढाल ११ वीं ॥ तर्ज- घुड़ला री० ॥

सेठों !, तजो मिजाज, ओ नहीं रेवेला जी २ ॥टेर॥
लाखीणो लायक नर आयो, बड़ो पावणो मन में भायो ।
जिसकी रखो न लाज, जगत कहीं केवेला जी २ ॥ १ ॥
थाँ सरखा नौकर था म्हाँरे, केइ पेट भरता घर लारे ।
आज न रह्यो अनाज, खर्च किम स्हेवेला जी २ ॥ २ ॥
साज देवणो वाजब थाँने, जटे न भोजन पुरस्यो भाणे ।
निंदेला सब लोक, धिकारा देवेला जी २ ॥ ३ ॥
कुलदेवी ने पूछ लिरावो, वा केवे उतनो ही दिरावो ।
बाँधो प्रेम की पाज, नाम जग रेवेला जी २ ॥ ४ ॥
बड़ो गिनायत घरे पधारे, बात समय की हृदय विचारे ।
यह है पहिला काज, बुद्धि से वेवेला जी २ ॥ ५ ॥

- दोहा -

जची बात मन सेठ के, वैठो जा सुरी थान ।
ओखे चित सूं पारियो, एकासण तस ध्यान ॥ १ ॥

ढाल १२ वीं ॥ तर्ज- पनजी मूंढे बोल० ॥

अम्बा आई रे २, मा आवो - रात रा सेठ बुलाई रे० ॥ टेर ॥

॥ श्री वीराय नमः ॥

मरुधर - केशरी, पण्डित-रत्न, प्रवर्त्तक मुनि श्री
मिश्रीमलजी महाराज विरचित
सुश्रावक जिनदास-चरित्र ।

– दोहा –

पार्श्व-पदाम्बुज-मन-मधुप,–सौरभ लीन सदाय ।
मगन निरन्तर भ्रमत है, दुविधा दूर हटाय ॥ १ ॥
ज्यां के शुभ उपदेश से, तिरण भवोदधि तीर ।
त्याग और वैराग को, पभरणे धारण धीर ॥ २ ॥

ढाल १ ली ॥ तर्ज– शिक्षा दे रही जी, हमको रामायण० ॥

श्रावण करलीजिये जो, प्यारे आगम ज्ञान प्रवीन ॥ टेर ॥
आगम ज्ञान अथाग अनूपम, अक्षय आनन्द रूप ।
अतीत, अनागत, वर्त्तमान में, वर्ते एक अनूप ॥श्रवण०॥१॥
नहीं आस्था उन पै उसका, है पूरण दुर्भाग ।
ऐसा है दुर्मतिनर उसका, संगत देना त्याग ॥श्रवण०॥२॥
जो सूरज पै धूल उछाले, पड़ै उसी पै आय ।
इसी भाँति जिन-वचन उथापक, रुले चतुर्गति मांय ॥श्रवण०॥३॥
जिन-वाणी का जो श्रद्धालू, धारे नियम उदार ।
कैसा भी संकट सहलेता, डिगता नहीं लिगार ॥श्रवण०॥४॥
श्री जिनदास विवेकी श्रावक, सुन्दर तस आख्यान ।
'मिश्री मुनि' कहे श्रोताजन तुम,सुन लेना धर ध्यान ॥श्रवण०॥५॥

ढाल २ जी ॥ तर्ज–धर्म पै डट जाना० ॥

धर्म से रँग जाना, छोटी बात नहीं है ॥ टेर ॥

हुयो चाँदणो, गयो अँधारो, दिव्य रूप दरशाई रे।
सेठ ऊठ कर पाँवों पड़ियो, शीश झुकाई रे ॥ अम्बा० ॥ १ ॥
सुरी कहे क्यों याद करो मुज, अड़चो काम कंइ आई रे।
पिण सुणले पुनवानी थारी, गई विलाई रे ॥ अम्बा० ॥ २ ॥
पूँजी पेला विले लागसी, इज्जत रेगी नांही रे।
सेठ सुणी थर थर तब धूज्यो, (आ) कंई फुरमाई रे ॥अम्बा०॥३॥
मैं तो आप - भरोसे झूँ झूँ, सदा रह्या वरदाई रे।
कोप करो मत, झिल्यो न जावे, सेवक तांई रे ॥ अम्बा० ॥ ४ ॥
माता मो - पर महर राखिये, बालक जाण सदाई रे।
"मिश्री" कहे दिन नहिं तेरा, – कौन सहाई रे ॥ अम्बा० ॥ ५ ॥

* दोहा *

कर न सकूँ मैं मदद कुछ, पुन्य गया परवार।
तो भी एक उपाय है, करले धर कर प्यार ॥ १ ॥

ढाल १३ मी ॥ तर्ज– अस्सी रुपैया ले कलदार० ॥

आयो जमाई करले सार, तो बना रहेगा कारोबार ॥ टेर ॥
चार व्रत मारग में देखो, निपजाया सेणो सरदार ॥आ०॥१॥
सामायिक, उपवास और सुन, कर पौषध दियो दान उदार ॥अ०॥२॥
अशुभ दिहाड़ा पूरा होग्या, अब हो जासी जय जयकार ॥आ०॥३॥
याते चौथो हिस्सो उससे, कर नरमाई ले ले सार ॥आ०॥४॥
जो दे देवे सो भाग्य योग से, तो सुधरे थारो जमवार ॥आ०॥५॥
इतनी कहि देवी गइ पाछी, रात गई ऊगो दिनकार ॥आ०॥६॥
ध्यान पार 'मिश्री' घर आयो, भेलो हुवो सभी परिवार ॥आ०॥७॥

शहर शौरिपुर था सुखकारी, जिसकी रौनक अहा! निरारी।
बसते बड़े बड़े व्यौपारी, न्याय से धन पाना ॥छोटी०॥१॥
राजा दिल का बड़ा दिलाला, उसकी शोभा जग में आला।
करते परजा की प्रतिपाला, मन्त्रीश्वर गुन वाना ॥छोटी०॥२॥
श्रावक श्री जिनदास सयाना, उसका कहाँलो करें वखाना।
जिसने जीवा - जीव को जाना, दयालू है स्याना ॥छोटी०॥३॥
सहायक दुखियों का है पूरा, वो तो सत्य शील में सूरा।
सारे दुर्व्यसनों से दूरा, आन पै मरजाना ॥छोटी०॥४॥
सुन्दर शीलवंती सेठानी, भक्ता थी वा सिया समानी।
निर्मल, जरा नहीं अभिमानी, विविध देती दाना ॥छोटी०॥५॥
दम्पति एकान्तर तप करते, द्वादश श्रावक के व्रत धरते।
गहरे गुन चुन-चुन के भरते, खजाने धन नाना ॥छोटी०॥६॥
सारा शहर, देश गुन गाते, खाली आते पै नहि जाते।
सगरे सज्जन जिसे सराते, मुख्य सबने माना ॥छोटी०॥७॥

*** दोहा ***

धन, तन, जन पुनि धर्म-युत, आन मान अ-समान।
उन सम उनविरिया उठै, अवर सेठ नहि आन ॥ १ ॥
त्यागी बड़ भागी तपी, रागी धर्म - रसाल।
आदर दे अवनीश अति, न्यायी निपुण निहाल ॥ २ ॥

ढाल ३ जी ॥ तर्ज— काच की किंवाड़ी मांये लोह खट को० ॥

आँखड़ल्यों रो तारो व्हालो सब जन को।
दान में लुटाते खुले - हाथों धन को ॥ टेर ॥
सेठ सादगी को शहरो, गुणी गमखाऊ गहरो,

(

० दोहा ०

कही सेठ पुत्रों - प्रते, देवी हुंदी वाय।
सब कहे दे दो तातजी !, भय मोटो दरशाय ॥ १ ॥

ढाल १४ मी ॥ तर्ज- म्हारे घरे पधारो जी २, ॥

श्रावक जी बेला को पौषो, पाल समायिक ठाई।
वेनोई बोलावण सारू, आया च्यारों भाई ॥ १ ॥
जल्दी घरे पधारो जी क, जल्दी घरे पधारो जी क।
भाभोसा जोवे वाटड़ली, म्हाँ, अर्ज गुजारों जी ॥ टेर ॥
सामायिक आणे सूं कपड़ा, - पहिन साथ में जावे।
सुसराजी सूं करके मुजरो, ऊभोड़ा फुरमावे ॥ जल्दी० ॥ २ ॥
क्या आज्ञा है राज प्रकाशो, श्वसुर कहे तिणवारी।
जितरी रकम आनरे च्हावे, ले जावो इणवारी ॥ जल्दी० ॥ ३ ॥
मूंगा मोला आप पाहुणा, बाई लाडकी म्हारे।
इण घर मे है सीर ठेठरो, दूजा थांरे लारे ॥ जल्दी० ॥ ४ ॥
एक अर्ज है म्हारी छांने, मन्जूरी कर लीजो।
लाभ लियो मारग में उणरो, चौथो हिस्सो दीजो ॥ जल्दी० ॥ ५ ॥
श्रवण करत जिनदास नयन में, इकदम लाली छाई।
नहि बोलण रो फेम सेठजी! . आ कांई फुरमाई ॥ जल्दी० ॥ ६ ॥
भोजन भक्ती करी न तिल भर, नहि दीधो सम्मान।
उणरो अमरप में नहि आण्यो, सूंप्यो नहीं मकान ॥जल्दी०॥ ७ ॥
हद करदोनी धर्म - वेचणो, मुजने करो तैयार।
रंग ! रहाओ म्हारो माजनो, है थांने धिक्कार ॥ जल्दी० ॥ ८ ॥
म्हारे धन री नहीं चाहना, गाढ़ो करने राखो।

लेवे गुरू-भक्ति लहरों, वश राखे मन को ॥आँ०॥१॥
ज्यों लो दान नहीं देवे, तो लो कण नहीं लेवे,
बिना नियम न रेवे, तन नहीं तन को ॥ आँ०॥२॥
लायक छोटो-सो है लालो, बच्चो हंस-सो दयालो,
हाथो हाथ ही हुलरालो, पक्ष प्यार-पन को ॥आं०॥३॥
देव गुरू की है महर, वहै आनन्द की लहर,
सारो सरावे है शहर, कल्पवृच्छ वन को ॥आँ०॥४॥
करे धर्म की दलाली, सब जीवों को रुखाली,
मन रहे खुशियाली, रंग नाना रन को ॥ आँ० ॥ ५ ॥

० दोहा ०

कहो कर्म-गति गहन जिन, पलटत जैसे पौन ।
प्रबल जु वेग-प्रवाह को, रोक सकै कहो कौन ॥ १ ॥

ढाल ४ थी ॥ तर्ज– अस्ताना से उतरी परी० ॥

श्रावकजी की दशा फिरी, आय अचानक विपद परी । टेर॥
ज्हाजों डूबी सिन्धु मजार, आग लगी जहाँ थे कोठार,
देनेवालों की नियत गिरी ॥श्रावक०॥१॥
चारों ओर से हो रहि हानी, सेठ अशुभ दिन लिया पिछानो,
तंग दस्ति आ ज़बर भिरी ॥श्रावक०॥२॥
कारोबार बंध जब करियो,–कर्जो नहिं किनको शिर धरियो,
केई मित्र आ अर्ज करी ॥श्रावक०॥३॥
म्हां सब थांरा शंक न लावो, लेलो रकम रु विणज बढ़ावो,
कहे सेठ नहिं लूं दमड़ी ॥श्रावक० ।४॥
एकान्तर उपवास करावे, नियम लिया सो पूर्ण निभावे,

श्रा नहीं ह्वै, कंगाल हो जावो, बोया रा फल चाखो ॥जल्दी०॥९॥
'मिश्री' कहे यो मोटो मानव, इतनी कह कर चाल्यो।
धर्मवीर धीरज मन धारो, रह्यो न किनको पाल्यो। जल्दी०॥१०॥

— दोहा —

तीखे मन तेलो करी, जाय जमाई जाम।
आडो फिरियो आयके, वह मुनीम तिण ठाम ॥ १ ॥

ढाल १५ मी ॥ तर्ज– मत भूलो कदा रे, मत भूलो कदा० ॥

म्हां पै महर करो २, रुको थोड़ासा हूंकारो भरो ॥ टेर ॥
घरे पधारो दास विछान, पारणो कर, करजो प्रस्थान ॥म्हाँ०॥१॥
आप लायक तो छूँ नहीं सेठ, तदपि भोजन की लेवो भेंट ॥म्हां०॥२॥
करे जिनदास अर्ज मतिमान, तेला रा कीना है पचखान ॥म्हां०॥३॥
जिणसूँ माफी दो बगशाय, धर्म - राग भरियो मन-मांय। म्हां०॥४॥
हुई मुनीम री आली आँख, जावतड़ो ने न सकियो भाँक ॥म्हाँ०॥५॥
तज मुनिमायत स्वयं दुकान, खोल लिवो इसड़ो गुणवान ॥म्हां०॥६॥
चल्यो जिनदास निजी गृह ओर, साँझ समै आयो उण ठौर ॥म्हां०॥७॥
पौषो कर सूतो जिनदास, 'मिश्री' धर्म सब पूरे आस ॥म्हां०॥८॥

– दोहा –

पौषध पारो सरस-मन, दी सामायिक ठाय।
शक्राधिप निज ज्ञान से, देख्यो श्रावक तांय ॥१॥

ढाल १६ मी ॥ तर्ज– थ्हाँरो ने लागे वचनों रो ताजणो० ॥

सुरपति अवलोक्यो दृढ़ श्रावक भणी, देव सभा में दाख्यो हाल।

कठिन करणी नें रहणी एकसी, दानी निर्मानी परम कृपाल ॥१॥
धन धन धन जीवन, विरला वसुधा में श्रावक एहला ॥ टेर ॥
विकट स्थिति में अधुना आगयो, तदपि व्रत पाले निरतीचार।
हिरणगमेषी जावो शीघ्र ही, सेवा बजावो धर कर प्यार ॥२॥
अवसर मत चूको, इसड़ी सेवा तो मुश्किल सूँ मिले ॥ टेर ॥
वचन स्वीकारी सुर उत पौंचियो, आई सामायिक पैरचा वसन्न।
खाली हाथों सूँ जो घर जावसूँ, विलखो हुयजासी वनिता मन्न ॥अ०॥३॥

— कवित्त —

घर से रवाने जब हुवो थो सासर ओर,—
नारी को कथन धार करी नहीं देर मै।
पौंच्यो उत, करतूत देखली उठारो सब,
मान नहीं दियो पिन छाय रयो जैर मैं॥
खाली हाथ जासूँ घर बालक निरास होंगे,
कामनी करेजे दुख होसी हिये हेर मै।
अशुभ करम जोर तापै नहीं चाले म्हारो,
एक ना उपाय सूझै अहो! इण वेर में॥ १ ॥

— ढाल—चालू —

कंकर री ग्रंथी बांधो सेठजी, चालत सुर शक्ती कर के ताम।
अधर पहुँचायो घर रे सन्मुखे, इतनो कर सुरवर जावे ठाम ॥अ०॥४॥
वनिता विलोकी आई साम्हने, सेठ झेलाई ग्रंथी हाथ।
भोजन पेली ग्रन्थी मत खोलजो, दूजी मंजिल में मूतो साथ ॥अ०॥५॥
वनिता विचारी ग्रन्थी देखली, रत्न पचरंगा सब अनमोल।
सारो घर लूँटी लाया सेठजो, दया आणी नहीं हिवड़े तोल ॥अ०॥६॥

डोडी बन तब ड्योढ़ी बाहिर, दिया निकाल न रखा वहीं ॥११॥
होकर के कंगाल भटकता, शीश पटक कर रोता है।
कहे किसे अरु सुने कौन अब, मुख अंसुअन से धोता है॥
भूखा प्यासा और रखड़ता, उसी सन्त पै है पौंचा।
है धिक्कार, रत्न तूं खोया, निर्लज पहले नहि सोचा ॥१२॥
खैर, ध्यान आयन्दा रखना, एक उपाय बताता हूं।
फिर रहना हुंशियार सोचले साफ साफ जतलाता हूं॥
दूजा शंख भेलाय दिया अरु, युक्ति उसे कहदी सारी।
वापिस लौट आगया सत्वर, वो वैश्या के आगारी ॥१३॥
सूर्योदय होते ही उसने, दधि-सुत से मुद्रा मांगी।
मांगे जिससे दूनो दे यह, तक वैश्या देखन लागी॥
कितना भाग्यवान नर यह है, वस्तु अनोखी लाता है।
नाहक इस से वैर बसा के, तोड़ा सुन्दर नाता है ॥१४॥
चली महल से पड़ी चरण आ, गदगद होय कहे वानी।
नाश जाय इस दुष्ट नशे का, प्रेमदूध डारी वानी[1]।
सौगन खा, सच्ची कहती हूं, जब से राज पधारे हैं।
अन जल मैंने लिया नहीं, अरु दिल में जले अंगारे हैं॥१५॥
करुणा कर मुझ महल पधारो, जीवनभर की दासी हूं।
और मुझे कुछ भी नहि चाहिये, केवल दर्शन-प्यासी हूं॥
अच्छा अच्छा सुनले प्यारी!, मैं तेरे से दूर नहीं।
क्यों रोकर दुख पाती है, मैं चलता हूं जरूर वहीं ॥१६॥
महल गये, कर भोजन, सूता, कपट नींद की चादर है।
गणिका भी जब [illegible], बिना कपट की चादर है॥
पहुंचा [illegible] में रख कर, [illegible] लिया निकाली है।
[illegible] महल से, नर निकला [illegible] है ॥१७॥

---

१ [illegible]

देणो ओलम्भो भोजन बाद में, रत्न कुँवर ने देकर एक।
बेचण भेज्यो है पास मुनीम रे, देखी मुनीमजी कियो विवेक ॥अ०॥७॥

— दोहा —

किसो कुँवर पुनवान है, जिसो न और जहान।
इसो रत्न घर में मिले, विसो न देख्यो आन ॥ १ ॥

ढाल १७ मी ॥ तर्ज– बीरा! लूम्बा झूम्बा होय आइजो० ॥

कुँवरसा! रत्न ले जावो, पाछो आ अरज करावो जी ॥ टेर ॥
नहीं सौदागर है इसड़ा, यह रत्न खरीदे जिसड़ा जी ॥कुँ०॥१॥
कोई बड़ो सेठियो आसी, वो इणरो मोल चुकासी जी ॥कुँ०॥२॥
कहे लाल रत्न यहीं रखना, है आप जुम्मे ही बिकना जी ॥कुँ०॥३॥
